# राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला, 2022

## चर्चा में क्यों?

20 अप्रैल, 2022 को राजस्थान के रजिस्ट्रार सहकारिता मुक्तानंद अग्रवाल ने बताया कि 10 दिवसीय राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला, 2022 का आयोजन 30 अप्रैल से 9 मई, 2022 तक जवाहर कला केंद्र के दक्षिणी परिसर में किया जाएगा।

## प्रमुख बिंदु

- मुक्तानंद अग्रवाल ने बताया कि सहकारिता क्षेत्र में राजस्थान देश का एकमात्र ऐसा प्रदेश है, जो कई वर्षों से सहकार मसाला मेले का आयोजन करता आ रहा है।
- उपभोक्ता संघ के प्रबंध निदेशक वी.के. वर्मा ने बताया कि सहकार मेले में सहकारी संस्थाओं को आकर्षक पैकिंग, मसालों की शुद्धता, प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य और सहकारिता की विश्वसनीयता बनाये रखने के निर्देश दिये गए हैं। सहकार मसाला मेले में साबुत और पिसे हुए मसालों के साथ ही मौके पर ही मसाला पीसकर उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी होगी।
- सहकार मसाला मेले के आयोजन से उत्पादक किसान और आम नागरिक दोनों को ही लाभान्वित किया जा सकेगा। सहकार मसाला मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जयपुरवासियों को शुद्ध मसाले उपलब्ध कराना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-co-operative-spices-fair-2022